# महत्वपूर्ण एवं खास

## मंत्रिपरिषद की बैठक 22 फरवरी को

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में 22 फरवरी को मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की गई है। मंत्रालय (महानदी भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष क्रमांक एम-5/20 में यह बैठक पूर्वान्ह् 11:30 बजे से होगी।

## ड्राई डे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में शराब बेचना पड़ा महंगा

**कोरबा (आरएनएस)।** प्रतिबंध के बावजूद ड्राई डे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मतदान के दिन शराब बेचना ,पिलाना भारी पड़ गया। पताढ़ी लैंको गेट के सामने स्थित ढाबा को प्रशासन ,पुलिस,आबकारी की टीम ने सील कर दिया है। साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । नायब तहसीलदार बरपाली के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई से हडक़म्प मच गया है। जिले में कलेक्टर अजीत वसंत एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर सहायक आयुक्त आबकारी आशा सिंह के मार्गदर्शन में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर सोमवार को प्रथम चरण के मतदान दिवस हेतु लागू शुष्क दिवस (ड्राई डे )में पताड़ी लैंको गेट स्थित सुभाष ढाबा में शराब बेचने और पिलाने की शिकायत मिली । प्राप्त शिकायत के आधार पर नायब तहसीलदार बरपाली चंद्रभूषण चंद्रा के नेतृत्व में थाना उरगा और आबकारी वृत्त दक्षिण के सयुक्त टीम द्वारा जांच कर आबकारी अधिनयम की धारा 36(क) के तहत कार्यवाही की गई । आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर शुष्क दिवस पर मदिरा पान कराने के कारण उक्त ढाबा बंद कराया गया। उपरोक्त कार्रवाई में उरगा थाना प्रभारी युवराज तिवारी और आबकारी वृत्त प्रभारी मुकेश पाण्डेय आबकारी उप निरीक्षक अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे।

## सूने मकान से नकदीं सहित हजारों रुपए के सामान पार

**रायपुर (आरएनएस)।** हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेजबहार स्थित सूने मकान का ताला तोडक़र अज्ञात चोर ने नकदी 1300 रुपए सहित हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया पुष्पलता पटेल 34 वर्ष हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेजबहार की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोडक़र आलमारी में रखे नकदी 1300 रुपए, सोने-चांदी का जेवर व मोबाइल पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 80 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्राम मुंगाडीह के पास अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पैदल जा रहे अधेड़ को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक अशोक गुप्ता 51 ग्राम मुंगाडीह का रहने वाला था। बताया जाता है कि अशोक गुप्ता पैदल कहीं जा रहा था, तभी गांव के मेनरोड में ही अज्ञात वाहन के चालक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# अंबिकापुर में डिजिटल भू-प्रबंधन की नई शुरुआत : ड्रोन सर्वे से होगा भूमि विवादों का समाधान, सम्पत्ति रिकॉर्ड में पारदर्शिता

**केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह ने किया नक्शा परियोजना का वर्चुअल शुभारंभ**

रायपुर




छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर नगर निगम क्षेत्र में डिजिटल भू-प्रबंधन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए नक्शा परियोजना की शुरुआत की गई। केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह ने मध्यप्रदेश के रायसेन से इस परियोजना का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस पहल के तहत ड्रोन सर्वे के माध्यम से शहरी भू-सम्पत्तियों का सटीक रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा, जिससे संपत्ति विवादों का त्वरित समाधान होगा और भूमि स्वामित्व संबंधी रिकॉर्ड अधिक पारदर्शी बनेंगे।

अंबिकापुर के जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, कलेक्टर विलास भोसकर, अपर कलेक्टर सुनील नायक एवं नगर निगम कमिश्नर डी. एन. कश्यप समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल हुए।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने इस अवसर पर कहा कि यह परियोजना शहरी भूमि प्रबंधन को आधुनिक बनाएगी और सम्पत्तियों के स्वामित्व से जुड़ी समस्याओं को जल्द सुलझाने में सहायक होगी। उन्होंने बताया कि ड्रोन तकनीक से सम्पत्तियों का हवाई सर्वे कर फोटो और वीडियो डेटा एकत्र किया जाएगा, जिसे भविष्य में सरकारी दस्तावेजों और भूमि रिकॉर्ड में सटीकता लाने के लिए उपयोग किया जाएगा।

यह परियोजना देश के 26 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों के 141 जिलों में लागू की जा रही है, जिसमें छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर, जगदलपुर और धमतरी को इस योजना में शामिल किया गया है। अंबिकापुर नगर निगम को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चुना जाना शहरवासियों के लिए गर्व की बात है।

सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नक्शा परियोजना से भूमि के हर इंच का सटीक रिकॉर्ड उपलब्ध होगा, जिससे भू-राजस्व संबंधी समस्याएं खत्म होंगी और डिजिटल रिकॉर्ड के चलते पारदर्शिता बढ़ेगी। इससे शहरवासियों को अनावश्यक कानूनी उलझनों से बचाव मिलेगा और शहरी विकास की योजनाओं का सुचारू क्रियान्वयन संभव होगा।

कलेक्टर विलास भोसकर ने इस अवसर पर कहा कि डिजिटलीकरण के माध्यम से भूमि प्रबंधन को आसान और प्रभावी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा, यह परियोजना बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय है। ऑनलाइन रिकॉर्ड होने से भू-राजस्व की सुरक्षा और योजनाओं की सफलता सुनिश्चित होगी। इस परियोजना के तहत अंबिकापुर नगर निगम में ड्रोन सर्वे से भू-सम्पत्तियों का रिकॉर्ड तैयार कर उसे ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे भविष्य में भूमि संबंधित विवादों का समाधान आसान होगा और शहरी विकास योजनाओं को नई गति मिलेगी।

नक्शा परियोजना के शुभारंभ से अंबिकापुर ने डिजिटल क्रांति की ओर एक बड़ा कदम बढ़ाया है। इससे न केवल भू-संपत्तियों का प्रबंधन आसान होगा, बल्कि शहरी विकास को भी नया आयाम मिलेगा। ड्रोन तकनीक से होने वाला यह सर्वे भविष्य में शहरों के सुव्यवस्थित विकास की नींव रखेगा।

# घंटाघर परिसर में मुस्कुरा रहे रंग बिरंगे फूल, फेंसिंग कर परिसर को किया गया सुरक्षित

**अव्यवस्थित हो रहे घंटाघर परिसर को किया जा रहा व्यवस्थित, मिल रहा नया लुक**

कोरबा । आरएनएस




शहर के प्रमुख स्थल घंटाघर परिसर में अब रंगबिरंगे फूल अपनी मुस्कुराहट बिखेर रहे हैं, अव्यवस्थित हो रहा उक्त परिसर अब व्यवस्थित होने की ओर अग्रसर हो चुका है, विभिन्न प्रजातियों के फूलदार पौधों से युक्त घंटाघर परिसर की सुरक्षा हेतु लोहे की जाली से फेंसिंग की जा चुकी है ताकि पेड़-पौधों एवं परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

स्वच्छ कोरबा-सुंदर कोरबा-अतिक्रमण मुक्त कोरबा की दिशा में जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में जहॉं एक ओर शहर की सडक़ों के फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त करने की ठोस कार्यवाही निगम द्वारा की जा रही है, वहीं दूसरी ओर शहर की स्वच्छता साफ-सफाई व सौदंर्यीकरण की दिशा में लगातार कार्यो को अंजाम तक पहुंचाया जा रहा है। एक ओर जहॉं लघु उद्यानिकी एवं फूलदार पेड़-पौधों का रोपण कर चैक-चैराहों, सडक़ों, डिवाईडरों व फुटपाथ को संवारा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर स्वच्छता व साफ-सफाई, पर्यावरण व जल संरक्षण आदि के स्लोगन का दीवाल लेखन कर आमजन तक सकारात्मक संदेशों का प्रेषण करने के साथ ही सौदंर्यीकरण को भी आयाम दिया जा रहा है। इसी कड़ी में अव्यवस्थित हो रहे शहर के प्रमुख स्थल घंटाघर परिसर में विभिन्न प्रजातियों के फूलदार पौधों का रोपण निगम द्वारा किया गया है, परिणाम स्वरूप अब उक्त परिसर में रंगबिरंगे फूल खिलते-मुस्कुराते नजर आ रहे हैं, जो बरबस ही लोगों का ध्यान आकृष्ट कर रहे हैं। आयुक्त पाण्डेय के निर्देश पर मजबूत लोहे की जाली से घंटाघर परिसर की फेसिंग भी की गई है, ताकि फूलदार पेढ़-पौधों व परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

ओपन थियेटर के सामने फुटपाथ से हटा बेजा कब्जा - ओपन थियेटर के सामने स्थित फुटपाथ एवं घंटाघर काम्पलेक्स के चारों ओर सडक़ के किनारे मोबाईल एसिसरीज बेचने वाले व अन्य लोगों द्वारा अनाधिकृत रूप से दुकान, ठेले लगा लिए गए थे, जिससे फुटपाथ पर अवैध कब्जा हो गया था, आमनागरिकों को आवागमन में परेशानियॉं होती थी। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण दस्ते के द्वारा इन दुकानों, ठेलों को हटाकर फुटपाथ व सडक़ों को अतिक्रमण से मुक्त कर दिया गया है।

स्मृति उद्यान पार्किंग एरिया से हटा अतिक्रमण - घंटाघर निहारिका मुख्य मार्ग पर स्थित निगम के स्मृति उद्यान के सामने पार्किंग स्थल पर काफी मात्रा में फल-सब्जी, चाट आदि के ठेले लगाकर पार्किंग स्थल में अतिक्रमण कर लिया गया था, जिससे आमजन को वाहनों की पार्किंग करने में काफी परेशानी होती थी, सडक़ पर अनावश्यक भीडभाड़ व आवागमन में अवरोध उपस्थित होता था, दुर्घटना की संभावनाएं बनी रहती थी, निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा उक्त पार्किंग स्थल को भी अतिक्रमण से मुक्त किया जा चुका है।

# राज्यपाल डेका ने असम के राज्यपाल आचार्य से की भेंट



रायपुर

राज्यपाल रमेन डेका ने आज गुवाहाटी मे असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य से सौजन्य भेंट की।

# दिव्य ज्योति विशेष विद्यालय में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित

कोरबा । आरएनएस




दिव्य ज्योति विशेष विद्यालय, कोरबा में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र अपनी सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलन कर किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी कला कौशल से गीत संगीत गाकर शिक्षकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। विद्यालय की प्राचार्य रीता क्षेत्रपाल ने बच्चों को शिक्षा को आगे बढ़ाने के साथ-साथ जीविकोपार्जन के लिए भी बालिकाओं को सिलाई कढ़ाई में निपुर्ण होकर जीवन के हर आनंद का लाभ लेने का सुझाव दिया। कक्षा 12वीं के छात्रों ने सांकेतिक भाषा में अपने विचार विद्यालय के प्रति अभिव्यक्त किया और यहां से सीखी बातों को जीवन में अमल करने का आश्वासन दिया। अंत में कक्षा 11वीं के बच्चों ने आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम का समापन किया।

बाल विवाह कानूनी अपराध

# बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत की गई कार्यवाही

**जानकारी मिलने पर 1098 पर संपर्क कर दे सकते हैं सूचना**

बलरामपुर

महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी ने बताया कि विकासखंड रामचंद्रपुर के सनावल थाना क्षेत्र में बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर महिला एवं बाल विकास विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए बाल विवाह रोके जाने का प्रयास किया गया था। किंतु जांच में यह स्पष्ट हुआ कि नाबालिग वर एवं नाबालिग वधु का विवाह जानबूझकर विधि विरुद्ध संपन्न कराया गया है। समिति द्वारा दोनों पक्षों को बाल विवाह न करने के लिए समझाइश दी गई थी, बावजूद इसके, विवाह में उपस्थित लोगों ने उन्हें बाल विवाह हेतु प्रोत्साहित कर विवाह संपन्न करवाया।

उक्त कृत्य बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत दंडनीय अपराध है। इस आधार पर विवाह में शामिल संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी एफआईआर दर्ज कर विधि सम्मत कठोर कानूनी कार्यवाही प्रारंभ की गई है।

महिला बाल विकास विभाग अधिकारी ने बताया है कि इस अधिनियम के तहत कोई व्यक्ति बाल-विवाह करवाता है या इसको बढ़ावा देता है और या फिर बाल विवाह करवाने में सहायता करता है ,तो उसे दो साल तक की सजा और एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। उन्होंने जिलेवासियों से कहा है कि उनके आस-पास किसी नाबालिग का विवाह करवाया जा रहा है तो इसकी सूचना हेल्पलाइन नंबर 1098 पर तुरंत सूचना दें। ताकि दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

जिला एवं पुलिस प्रशासन ने आमजनों से अपील की है कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है, जिससे बच्चों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यदि किसी को बाल विवाह की सूचना प्राप्त होती है, तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें ताकि समय पर उचित कार्रवाई की जा सके।

# राष्ट्रीय विचारों के अग्रदूत माधव सदाशिव गोलवलकर 'गुरु जी' की जयंती पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया नमन

रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सरसंघचालक, महान विचारक और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक माधव सदाशिव गोलवलकर 'गुरु जी' की जयंती (19 फरवरी) पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि गोलवलकर जी ने राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और समाजिक समरसता के सिद्धांतों को मजबूत आधार प्रदान किया। उनका जीवन भारत की सनातन परंपरा, आध्यात्मिक मूल्यों और राष्ट्रीय चेतना को सशक्त करने के लिए समर्पित था। उनकी विचारधारा ने देश की युवा पीढ़ी को राष्ट्र-सेवा और सामाजिक उत्थान के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि गुरुजी का जीवन भारत की संस्कृति, परंपरा और अखंडता को मजबूत करने का एक प्रेरणादायी उदाहरण है। उन्होंने संगठन शक्ति के माध्यम से राष्ट्र के पुनर्निर्माण का जो संकल्प लिया, वह आज भी हमें प्रेरित करता है। उनकी दूरदर्शी सोच और विचारधारा देश को सशक्त बनाने में सदैव प्रासंगिक रहेगी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि गोलवलकर जी का योगदान भारत के सांस्कृतिक और सामाजिक पुनरुत्थान में अविस्मरणीय है। उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्र प्रथम की भावना के प्रति समर्पित रहा। उनके आदर्श और मूल्य राष्ट्रवादी सोच, आत्मनिर्भरता और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करते हैं।

मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि गोलवलकर जी के विचारों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र के उत्थान और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि उनके आदर्शों को अपनाकर हम आत्मनिर्भर, समरस और सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।
पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

स्वच्छता महाअभियान

# अभियान के दूसरे चरण में आज मुड़ापार व कैलाशनगर वार्ड में चलाई गई वृहद स्वच्छता ड्राईव

**विशेष साफ-सफाई कार्यों के साथ-साथ सड़क रोशनी व्यवस्था व पेयजल आपूर्ति आदि से जुड़ी शिकायतों का किया गया निराकरण**

कोरबा । आरएनएस

स्वच्छता महाअभियान के दूसरे चरण के प्रथम दिन कल निगम के रविशंकर नगर जोन अंतर्गत मुड़ापार वार्ड एवं बालको जोनांतर्गत कैलाशनगर में वृहद स्वच्छता ड्राईव संचालित की गई। इस दौरान नालियों की सतह से सफाई, सडक़ों के किनारे उगी बर्म, झाडी की सफाई, कचरे का त्वरित उठाव एवं परिवहन सहित सडक़ रोशनी, पेयजल आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों का निराकरण मौके पर ही किया गया, वहीं सी.एण्ड डी.वेस्ट का उठाव तथा सार्वजनिक स्थल पर गदंगी करने, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करने पर संबंधितों पर अर्थदण्ड भी लगाया गया।

यहॉं उल्लेखनीय है कि कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में 25 जनवरी से नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड एवं बस्तियों में क्रमश: स्वच्छता का महाअभियान चलाकर विशेष साफ-सफाई के कार्य कराए जा रहे हैं, प्रथम चरण में 25 जनवरी से 06 फरवरी तक यह अभियान विभिन्न वार्डो में चलाया गया, जिसके तहत परिवहन नगर, पाड़ीमार 01, नेहरूनगर, पाड़ीमार 02, पुरानी बस्ती, कांशीनगर, पम्प हाउस, सर्वमंगला नगर आदि वार्डो की विभिन्न बस्तियों, पारों, मोहल्लों, मुख्य मार्गो व संपर्क सडक़ों में वृहद स्वच्छता ड्राईव संचालित कर व्यापक पैमाने पर साफ-सफाई के कार्य कराए गए थे। आज 17 जनवरी से स्वच्छता महाअभियान का अगला चरण फिर से प्रारंभ किया गया तथा निगम के रविशंकर जोनांतर्गत मुड़ापार वार्ड एवं बालको जोनांतर्गत कैलाशनगर वार्ड में स्वच्छता ड्राईव संचालित कर वृहद पैमाने पर साफ-सफाई के कार्य किए गए, इस दौरान निगम के उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, पवन वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, जोन कमिश्नर प्रकाश चन्द्रा एवं एन.के.नाथ, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा, सचिन्द्र थवाईत, सहायक अभियंता विपिन मिश्रा, किरण साहू, सतानंद द्विवेदी आदि सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारियों स्वच्छता मित्रों, सफाई कर्मचारियों ने अभियान में अपनी सहभागिता दी।

गदंगी फैलाने पर लगा अर्थदण्ड - अभियान के दौरान मुड़ापार वार्ड में सार्वजनिक स्थान पर गोबर फैलाकर गदंगी की गई थी, जिस पर अधिकारियों ने संबंधित व्यक्ति पर 1000 रूपये का अर्थदण्ड लगाया, इसी प्रकार मुड़ापार वार्ड में ही दुकान में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग करते पाए जाने पर संबंधित दुकान संचालक पर 1000 हजार रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया गया, साथ ही इन्हे कड़ी समझाईश दी गई कि वे सार्वजनिक स्थल पर गदंगी न फैलाएं, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग अपने दुकान, प्रतिष्ठानों में न करें।